## माधवनगर और कोतवाली पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, मोबाइल और नकदी जब्त

# सट्टे का मकड़जाल: योजनाबद्ध तरीके से दबिश देकर 9 सटोरियों को दबोचा

### पुलिस कप्तान के निर्देश पर गठित की गई 4 विशेष टीमें, मुख्य सटोरियों की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर में क्रिकेट सट्टा खिलाने वालों के विरूद्ध पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई। अलग अलग टीमें बनाकर पुलिस ने रात्रि में कई ठिकानों में दबिश देते हुए करीब 9 व्यक्तियों को पकड़ा है। हालांकि ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले सरगना तक अभी पुलिस नहीं पहुंच पाई है। पकड़े गये सटोरियों से पूछताछ कर कड़ियां जोड़ी जा रही है। पुलिस का कहना है कि मुख्य सटोरियों की गिरफ्तारी के लिये प्रयास किये जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे 'ऑपरेशन क्लीन लिफ्ट' के तहत पुलिस ने दबिश देकर ऑनलाइन सट्टा खिलाते हुए 9 आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से मोबाइल



फोन, नकदी और लाखों के सट्टे का हिसाब-किताब बरामद हुआ है।

गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक द्वारा गत दिनों अपराध समीक्षा बैठक में दिए गए सख्त निर्देशों के बाद थाना प्रभारी माधवनगर संजय दुबे और कोतवाली प्रभारी राखी पाण्डेय के नेतृत्व में साइबर सेल और पुलिस बल की 4 विशेष टीमें गठित की गई थीं। तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर की सूचना पर गत रात इन टीमों ने शहर के विभिन्न संवेदनशील इलाकों में योजनाबद्ध तरीके से एक साथ छापेमारी की।

पुलिस ने बताया कि कोतवाली थाना क्षेत्र से पंकज उर्फ हेमंत खटीक, विक्की पुरुषवानी, आजाद अहमद, साजिद अली, राम निषाद और विजय मूलचंदानी को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, माधवनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत संजय सोमवानी, मुकेश दौलतानी और जय इसरानी को सट्टा खेलते व खिलाते पकड़ा गया है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 09 स्मार्टफोन और सट्टा पर्चियां जप्त की हैं। शुरुआती पूछताछ में पता चला है कि ये आरोपी ऑनलाइन आईडी के माध्यम से सट्टा संचालित कर रहे थे। पुलिस अब उन मुख्य सटोरियों की तलाश कर रही है जो इन्हें आईडी और लाइन्स उपलब्ध कराते थे। पुलिस अधीक्षक ने नागरिकों से अपील की है कि वे ऑनलाइन सट्टे जैसे जोखिमपूर्ण जाल से दूर रहें। यह न केवल आर्थिक रूप से नुकसानदेह है बल्कि कानूनी रूप से भी अपराध है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल Dial 100 या पुलिस के व्हाट्सएप नंबर 7587615946 पर दें।

## खबर संक्षेप



### डिवाइडर से टकराई बाइक, चाचा और भतीजे की मौत

**कटनी।** एनकेजे थाना क्षेत्र अंतर्गत बाबाघाट के पास बीती रात एक तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार चाचा भतीजे की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड नयागांव निवासी 19 वर्षीय सुनील भूमिया और 18 वर्षीय राहुल भूमिया मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 21 ZJ 0382 से कटनी आए थे। दोनों युवक अपने एक मित्र का जन्मदिन मनाने के बाद देर रात वापस अपने गांव नयागांव लौट रहे थे। इसी दौरान बाबा घाट के समीप उनकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वे सड़क हादसे का शिकार हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा इतना गंभीर था कि दोनों युवकों क गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही एनकेजे पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से दोनों घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और हादसे के कारणों की विस्तृत जांच कर रही है।

### युवा संगम के आयोजन में कटनी जिला प्रदेश में प्रथम

**कटनी।** शासकीय तौर पर रोजगार मेलों का आयोजन कर बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने के मामले में कटनी जिला प्रदेश के सभी 55 जिलों में प्रथम स्थान पर है। राज्य शासन के रोजगार आयुक्त, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग ने कटनी कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिले में युवा संगम कार्यक्रम के तहत रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन कर आकांक्षी युवाओं को रोजगार मुहैया कराने में कलेक्टर द्वारा दिये गये बहुमूल्य योगदान की प्रशंसा किया है। रोजगार आयुक्त, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग गिरीश शर्मा ने कलेक्टर को प्रेषित प्रशंसा पत्र में उनके बहुमूल्य योगदान की सराहना करते हुये कहा है कि ₹आपके नेतृत्व में किया गया कार्य प्रशंसनीय है, भविष्य में भी सहयोग की अपेक्षा है।₹ जिले में युवा संगम कार्यक्रम के तहत रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले के व्यापक आयोजन के मामले में कटनी जिला प्रदेश में अव्वल स्थान पर है। जिला रोजगार अधिकारी डी के पासी ने बताया कि अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक कुल 10 रोजगार मेलों का आयोजन किया गया। जिसमें 2 हजार 894 बेरोजगार युवाओं का प्रारंभिक चयन कर उन्हें ऑफर लेटर वितरित किया गया। साथ ही 371 आवेदकों का चयन अप्रेंटिसशिप के लिये किया गया। इसके अलावा स्वरोजगार हेतु ऋण प्राप्त करने के लिये इन मेलों में 10 हजार 706 आवेदकों ने आवेदन किया। यह आंकड़ा प्रदेश में सर्वाधिक है।

### वायु गुणवत्ता सुधारने के लिए किये जा रहे विशेष प्रयास

**कटनी।** स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग हासिल करने के उद्देश्य से निगम प्रशासन ने शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बना दिया है। अब शहर में सुबह और शाम, दो शिफ्टों में सफाई कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित की गई है।प्रदूषण कम करने और सड़कों की धूल हटाने के लिए मुख्य मार्गों पर आधुनिक 'रोड स्वीपिंग मशीन' संचालित की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने सोमवार सुबह बस स्टैंड, मिशन चौक, स्टेशन मार्ग और नई बस्ती सहित विभिन्न क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाकर कचरे का उठाव किया। निगम अधिकारियों ने जनता से अपील की है कि वे कूड़ा निर्धारित स्थान पर ही डालें और शहर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें।



## जिला अस्पताल में जुआ खेलने के मामले में जारी हुआ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिला चिकित्सालय के सर्जिकल वार्ड में अनुशासनहीनता का गंभीर मामला सामने आया है। 5 अप्रैल 2026 को वार्ड में भर्ती मरीजों द्वारा अस्पताल परिसर के भीतर ही खुलेआम जुआ खेलने की घटना उजागर होने पर अस्पताल प्रबंधन ने सख्त रुख अपनाया है।

मामले को गंभीरता से लेते हुए सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा ने संबंधित वार्ड इंचार्ज, सर्जिकल वार्ड को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि इस प्रकार की अवैध गतिविधि न केवल अस्पताल के नियमों और आचार संहिता का उल्लंघन है, बल्कि यह वार्ड प्रबंधन और निगरानी में बड़ी लापरवाही को भी दर्शाता है।

नोटिस में उल्लेखित किया गया है कि इस तरह की घटनाएं अस्पताल की गरिमा को ठेस पहुंचाती हैं और अन्य मरीजों की सुरक्षा, शांति तथा उपचार व्यवस्था को प्रभावित करती हैं। नोटिस में वार्ड इंचार्ज से पूछा गया है कि उनकी निगरानी में यह गतिविधि कैसे संचालित होती रही और इसे रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए। साथ ही निर्देशित किया गया है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस एवं प्रभावी उपाय सुनिश्चित किए जाएं। वार्ड इंचार्ज को 3 दिवस के भीतर लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित समय में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में उनके विरुद्ध एकपक्षीय अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

## पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर की अध्यक्षता में पंचायत एवं ग्रामीण विकास की विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक आज 7 अप्रैल को दोपहर 2.30 बजे से जिला पंचायत के सभागार में आयोजित होगी। सुश्री कौर द्वारा बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग एवं समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। बैठक में महिला एवं बाल विकास और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत अपूर्ण आंगनवाड़ी भवनों, वाटर हार्वेस्टिंग, जल जीवन मिशन के कार्यों और पेयजल की उपलब्धता आदि की समीक्षा, मनरेगा, योजना विभाग,पंचायत (निर्माण), 15वां वित्त, मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम (एमडीएम) /शिकायत शाखा, मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन,प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण की समीक्षा की जाएगी। आयोजित समीक्षा बैठक में जिला पंचायत के समस्त शाखा प्रभारी, सहायक यंत्री, उपयंत्री, एपीओ / एएओ मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं स्वच्छ भारत मिशन के सभी विकासखंड समन्वयक,ब्लॉक मैनेजर एनआरएलएम,समस्त सीडीपीओ महिला एवं बाल विकास,एसडीओ पीएचई और समस्त जनपद शिक्षा केंद्र के विकासखंड स्त्रोत समन्वयक को निर्धारित एजेंडा के अनुसार अद्यतन जानकारी सहित नियत समय पर उपस्थिति होने निर्देशित किया है।

### अवैध परिवहन पर ट्रेक्टर ट्राली किया जब्त

**ढीमरखेड़ा।** रेत का अवैध परिवहन करते हुए पुलिस ने एक ट्रेक्टर ट्राली को जब्त किया है। यह कार्यवाही थाना प्रभारी अभिषेक चौबे के नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार मुखबिर के द्वारा सूचना प्राप्त हुई महानदी के मोहदी घाट पर ट्रैक्टर ट्राली से रेत निकाली जा रही हैं। सूचना पर दबिश दी गई और मौके से एक ट्रैक्टर में ट्राली को मय रेत के पकड़ा गया। ट्रेक्टर से अवैध रेत परिवहन करते चालक राम विशाल कोल पिता सकोरी कोल 26 साल निवासी ग्राम महोदा को रोककर दस्तावेज मांगे गये लेकिन चालक द्वारा कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया जिस पर पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को जब्त किया गया। जब्त किए गए ट्रैक्टर का वाहन स्वामी विनोद रजक पिता चंद्रिका प्रसाद रजक निवासी महोदा का होना सामने आया है। प्रकरण में रेत के अवैध उत्खनन के संबंध में खनिज अधिनियम व संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। थाना प्रभारी ढीमरखेड़ा अभिषेक चौबे ने बताया कि रेत का अवैध उत्खनन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रखेगी। कार्यवाही में प्रधान आरक्षक सुबच्चन यादव,आरक्षक पंकज, डूमन और गंधर्व की भूमिका रही।



### रेत का अवैध परिवहन करते दो वाहनों को किया जब्त



कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशन में जिले में अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार 5 अप्रैल की रात सहायक खनिज अधिकारी पवन कुशवाहा द्वारा मुख्य मार्गों पर विशेष जांच अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान जांच दल ने रेत का अवैध परिवहन करते हुए दो वाहनों को पकड़ा। जब्त किए गए वाहनों में एमपी 21 जी 1800 एवं यूपी 95 बी 2327 शामिल हैं, जो बिना वैध दस्तावेजों के रेत परिवहन करते पाए गए। दोनों वाहनों को जब्त कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई हेतु एन.के.जे. थाना, कटनी में खड़ा कराया गया है। प्रशासन द्वारा प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि खनिज माफियाओं एवं अवैध परिवहन में संलिप्त तत्वों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। साथ ही आमजन से भी अपील की गई है कि वे इस प्रकार की अवैध गतिविधियों की सूचना प्रशासन को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

## जिले में 'ई-विकास' प्रणाली के क्रियान्वयन के लिये विकासखंड स्तर पर प्रशिक्षण कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

किसानों को सुगमतापूर्वक उर्वरक वितरण करने के लिये कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में 1 अप्रैल से 'ई-विकास' (वितरण एवं कृषि उर्वरक आपूर्ति समाधान) प्रणाली को शत-प्रतिशत लागू हो गई है। ई-विकास प्रणाली के सफल संचालन के लिए विकासखंड स्तर पर ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम सहायक, पटवारी, पैक्स के समिति प्रबंधक और डबल लॉक केंद्रों के प्रभारियों को 8 अप्रैल से 10 अप्रैल तक प्रशिक्षित किया जाएगा। राज्य स्तर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर इन सभी शासकीय सेवकों को नई प्रणाली की बारीकियां सिखाएंगे।

जारी प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुसार विकासखंड रीठी और बहोरीबंद में 8 अप्रैल को, विकासखंड ढीमरखेड़ा और बड़वारा में 9 अप्रैल को और विकासखंड विजयराघवगढ़ और कटनी में 10 अप्रैल को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

कलेक्टर श्री तिवारी ने सभी एसडीएम और जनपद पंचायतों के सीईओ को प्रशिक्षण स्थल के चयन और आवश्यक तकनीकी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी है। जबकि उप संचालक कृषि, सहायक आयुक्त सहकारिता एवं जिला विपणन अधिकारी प्रशिक्षण के दौरान कृषि विस्तार अधिकारियों, समिति प्रबंधकों और डबललॉक प्रभारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे।

अलग-अलग विकासखंडों में प्रशिक्षण देने के लिए कृषि विस्तार अधिकारी और मास्टर ट्रेनर्स कालू चौधरी, मोहन सोलंकी, विकास पाटीदार, रामाकांत गौर और श्री हरिओम चंद्रवंशी को नियुक्त किया गया है।

### ई-विकास' प्रणाली

ई-विकास प्रणाली किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग की एक नई पहल है। इसके माध्यम से उर्वरक वितरण में पारदर्शिता आएगी और किसानों को खाद के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होने से खाद की कालाबाजारी पर रोक लगेगी और वास्तविक लाभार्थी तक आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी।

### कटनी ब्लड डोनर एंड वेलफेयर सोसायटी का जल सेवा अभियान

## गर्मियों में प्यासे न रहे बेसहारा पशु जगह-जगह रखवाई गई पानी की टंकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

भीषण गर्मी के मौसम में मूक पशु-पक्षियों की प्यास बुझाने के उद्देश्य से कटनी ब्लड डोनर एंड वेलफेयर सोसायटी द्वारा "जल सेवा अभियान" के तहत सराहनीय जनसेवा पहल की गई। संस्था द्वारा शहर में निःशुल्क पानी की टंकियों का वितरण किया जा रहा है।

अभियान के प्रथम चरण में लगभग 300 से अधिक 20 लीटर क्षमता की सीमेंट निर्मित पानी की टंकियां वितरित की गईं। इन टंकियों को शहर के विभिन्न वार्डों, कॉलोनियों, मोहल्लों, चौराहों एवं गलियों में मूक पशुओं के लिए स्थापित कराया जा रहा है, ताकि



तेज गर्मी के दौरान उन्हें सहज रूप से पानी उपलब्ध हो सके। शेष टंकियों का वितरण द्वितीय चरण में किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था की महिला विंग द्वारा माता सरस्वती एवं गौ माता के पूजन के साथ किया गया। इसके बाद सेवा कार्य का विधिवत प्रारंभ हुआ। पूर्व में पंजीयन करा चुके नागरिकों को बरगवां रोड स्थित आई लव सेल्फी प्वाइंट के सामने बनाए गए वितरण केंद्र से टंकियां प्रदान की गईं।इस अवसर पर शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी एवं सदस्य भी उपस्थित रहे। सभी ने संस्था के इस मानवीय प्रयास की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

संस्था अध्यक्ष टीनू सचदेवा ने बताया कि यह सेवा कार्य संस्था द्वारा निरंतर संचालित किया जा रहा है और समाज के सहयोग से इसे व्यापक रूप दिया जा रहा है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि टंकी प्राप्त करने के बाद उसे स्वच्छ रखें तथा नियमित रूप से पानी भरते रहें, ताकि मूक जीवों को निरंतर लाभ मिल सके।संस्था ने नागरिकों से इस पुण्य कार्य में सक्रिय सहभागिता की अपील करते हुए कहा कि घर या मोहल्ले के बाहर पानी की टंकी रखकर पशु-पक्षियों के लिए जीवनदायी सेवा की जा सकती है।

### फील्ड इन्वेस्टिगेटर द्वारा बुनियादी दक्षताओं का किया गया आंकलन

## चयनित 9 विद्यालयों के 86 विद्यार्थियों की परखी गई शैक्षणिक गुणवत्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशन और जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर के मार्गदर्शन में सोमवार को फाउंडेशनल लर्निंग स्टडी (एफएलएस) के मुख्य आंकलन हेतु डाइट कटनी के फील्ड इन्वेस्टिगेटर द्वारा जिले में एनसीईआरटी द्वारा चयनित नौ विद्यालयों में कक्षा 3 में कुल दर्ज 160 विद्यार्थियों में से 86 विद्यार्थियों का आंकलन किया गया।

### सर्वे की प्रक्रियाओं का अवलोकन

इस स्टडी के अंतर्गत कक्षा 3 के विद्यार्थियों का हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा विकास तथा गणित की बुनियादी दक्षताओं में आंकलन किया गया। साथ ही शिक्षक तथा छात्र प्रश्नावली का उपयोग करते हुए स्कूलों के शैक्षिक स्वास्थ्य का आंकलन भी किया गया। आंकलन के पश्चात एनसीईआरटी द्वारा बच्चों के प्रदर्शन का विश्लेषण करते हुए नई





राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लक्ष्य प्राप्त करने हेतु सुधारात्मक उपाय किए जायेंगे। डाइट कटनी के संयोजन में आयोजित सर्वे में जिला शिक्षा अधिकारी राजेश अग्रहरी, जिला परियोजना समन्वयक पी एन तिवारी, डाइट प्राचार्य एम पी डुंगडुंग वरिष्ठ व्याख्याता राजेन्द्र असाटी, ए पी सी सुबरण राजपूत द्वारा चयनित शालाओं का भ्रमण कर सर्वे की प्रक्रियाओं का अवलोकन किया गया। सभी विद्यालयों में व्यवस्थाएं संतोषप्रद पाई गई।

संपूर्ण प्रक्रिया के दौरान जिला प्रोग्रामर सुमंत ताम्रकार द्वारा तकनीकी सहयोग प्रदान किया गया। डाइट फैकल्टी द्वारा इसी दौरान केंद्रीय विद्यालय एन के जे एवं वेलवेदर इंटरनेशनल स्कूल द्वारा किए जा रहे नवाचारी कार्यों का सूक्ष्म अवलोकन किया एवं शासकीय स्कूलों के शिक्षकों को इन स्कूलों की विजिट कराए जाने की संभावनाओं पर प्राचार्यों से चर्चा भी की गई।

जिला स्तरीय समन्वयक पी एन तिवारी एवं एम पी डुंगडुंग ने एफ एल एस सर्वे के कुशल संचालन हेतु सभी चयनित शालाओं के प्राचार्यों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं मॉनिटरिंग अमले के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

## बाड़ी में छिपा रखी थी 72 लीटर अंग्रेजी शराब, किया गया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शराब के अवैध कारोबार में लिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध कैमोर, बहोरीबंद और उमरियापान पुलिस ने कार्यवाही करते हुए बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त की है। कैमोर पुलिस ने बाड़ी में छिपाकर रखी गई अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप पकड़ी है।पुलिस के अनुसार शराब की तस्करी की पुख्ता सूचना पर कैमोर पुलिस ने मेहगांव स्थित मीना खरबंदा की बाड़ी में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने शिवम गुरुंग नामक युवक को घेराबंदी कर दबोचा। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 72 लीटर अंग्रेजी 'गोवा' शराब बरामद हुई। जब्त की गई शराब की कुल बाजार कीमत लगभग 60,000 रुपये बताई जा रही है। आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस इस बात का पता लगाने में जुटी है कि इतनी बड़ी मात्रा में शराब कहां खपाने की तैयारी थी।

### यहां भी हुई कार्यवाही

बहोरीबंद पुलिस ने थाना क्षेत्र के बिछियाकाप में दबिश देकर राज राजपूत 20 वर्ष को अवैध रूप से हाथ भट्टी की बनी महुआ शराब बेचते हुए पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी के पास से 05 लीटर कच्ची शराब जब्त की।आरोपी के खिलाफ 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। उधर पुलिस ने भी ग्राम बनहरी में अरविंद कुमार पटेल 38 वर्ष को अवैध रूप से शराब का परिवहन करते हुए पकड़ा गया। आरोपी के पास से 19 पाव देशी मदिरा मसाला बरामद हुई।

## खबर संक्षेप

### 26 अप्रैल को जिले में होगी राज्य सेवा की प्रारंभिक परीक्षा

**कटनी।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित होने वाली राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 हेतु जिले में चयनित परीक्षा केन्द्रों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। इसके लिये जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक संचालक (शिक्षा विभाग) और राज्य शिक्षा केन्द्र के अतिरिक्त परियोजना समन्वयक को परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण का जिम्मा सौंपा गया है। यह निरीक्षण दल परीक्षा केन्द्र का नाम एवं पते की जांच करेगा। केन्द्र का पता अंकित न होने अथवा गलत होने की स्थिति में संशोधन के संबंध में तत्काल सूचित करेगा। साथ ही केन्द्र की बैठक क्षमता की जांच करेगा। इसके अलावा यदि सूची में किसी भी प्रकार के संशोधन की आवश्यकता है, तो आयोग को दो दिवस के भीतर सूचित करेगा। इन अधिकारियों को जल्द से जल्द निरीक्षण कर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं। राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 की प्रारंभिक परीक्षा 26 अप्रैल को ओ.एम.आर. पद्धति से दो सत्रों में आयोजित की जाएगी। प्रथम सत्र प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और द्वितीय सत्र दोपहर 2:15 बजे से शाम 4:15 बजे तक जिले के विभिन्न केंद्रों पर आयोजित होगा।

### ननि द्वारा विभिन्न स्थलों में किया जा रहा प्याऊ का संचालन

**कटनी।** भीषण गर्मी को देखते हुए आमजन को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगर पालिक निगम कटनी द्वारा नगर के विभिन्न स्थलों में निशुल्क प्याऊ संचालन किया जा रहा है। जल प्रदाय शाखा के उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि इसी श्रृंखला में विगत दिवसों नगर के दो अन्य स्थलों कटनी मुख्य स्टेशन चौराहा एवं बस स्टैंड में राहगीरों एवं वाहन चालकों की सुविधा के लिए निःशुल्क प्याऊ प्रारंभ किया गया है। यह मार्ग, स्थल नगर का प्रमुख मार्ग होने के कारण यहां से गुजरने वाले सैकड़ों लोगों को शीतल पेयजल उपलब्ध होगा, जिससे राहगीरों को राहत मिल सकेगी। निगम प्रशासन द्वारा ग्रीष्म ऋतु के दौरान नागरिकों को शीतल पेयजल की उपलब्धता को दृष्टिगत रखते हुए वर्तमान समय में नगर के 8 प्रमुख स्थलों सुभाष चौक, पुरानी कचहरी चौराहा, कटनी मुख्य स्टेशन चौराहा, मुड़वारा स्टेशन के पास, बस स्टैंड, माधवनगर गेट, नगर निगम कार्यालय के बाहर तथा नगर निगम परिसर के अंदर सार्वजनिक प्याऊ संचालित किये जा रहे है। निगम प्रशासन ने आमजन से सार्वजनिक प्याऊ के आसपास की स्वच्छता बनाए रखने एवं जल संरक्षण के प्रति जागरूक रहने की अपील की है।

### कीटनाशक दवाइयों का किया जा रहा छिड़काव

**कटनी।** शहर के नागरिकों को संक्रामक बीमारियों के प्रकोप से बचाने तथा रोकथाम के लिए निगम प्रशासन द्वारा लगातार कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव कराया जा रहा है। शहरी क्षेत्र के सभी वार्डो में हैंण्ड स्प्रे मशीन के द्वारा छिड़काव का कार्य कराया जा रहा है। मच्छरों के प्रकोप पर नियंत्रण के साथ ही डेंगू मलेरिया एवं मच्छर जनित अन्य संक्रामक बीमारियों को रोकने तथा मच्छरों के विनिस्टिकरण के लिए नगर निगम द्वारा लगातार सघन छिड़काव अभियान चलाया जा रहा है। शाम को फागिंग मशीनों के माध्यम से फागिंग के कार्य के अलावा सुबह के समय में सफाई कार्य के दौरान कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव कराया जा रहा है। जिससे नागरिकों को राहत मिल रही है। नगर निगम द्वारा लगातार शहर के सभी मलिन बस्तियों के साथ-साथ कॉलोनियों, सार्वजनिक स्थलों, आदि जगहों पर कीटनाशक दवाईयों का सघन रूप से छिड़काव एवं फागिंग का कार्य कराया जा रहा है। नगर के तीन वार्डो चन्द्रशेखर आजाद वार्ड, जगमोहनदास वार्ड एवं वीर सावरकर वार्ड में फॉगिंग मशीन द्वारा अभियान चलाया गया। तीनों वार्डो के विभिन्न मुख्य मार्गो एवं बस्तियों का भ्रमण कर फागिंग मशीन से रासायनिक धुएं का छिड़काव किया जाकर मच्छर जनित बीमारियों पर नियंत्रण के प्रयास किये गए। आगामी दिनों में भी यह अभियान नगर के प्रत्येक वार्डो में निरंतर जारी रहेगा।

### टीएल बैठक में कलेक्टर ने कहा अवैध रेत से जुड़ी शिकायतों पर करें सख्त कार्यवाही

# शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर 3 अधिकारियों को थमाया शोकाज नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर आशीष तिवारी ने सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में रूचि नहीं लेने वाले उपसंचालक खनिज और सहकारिता बैंक नोडल जयति बिलथारिया को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार उन्होंने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत तय समय-सीमा के भीतर आवेदनों का निराकरण न करने पर तहसीलदार स्लीमनाबाद आकाशदीप नामदेव को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में जिपं सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर मौजूद रहीं।

कलेक्टर श्री तिवारी ने पीएम सोलर योजना के लक्ष्य को पूरा करने के लिए विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता शहर को मीटर रीडर्स से इच्छुक उपभोक्ताओं की लिस्ट बनवाकर वेंडर्स के साथ इस लिस्ट को साझा करने के निर्देश दिए। इसी तरह उन्होंने उपसंचालक कृषि को वेंडर्स की बैठक आयोजित कर सोलर पंप योजना के लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करने निर्देशित किया।

कलेक्टर श्री तिवारी ने सीमांकन, बंटवारा और फार्मर आईडी रजिस्ट्री की तहसीलवार समीक्षा की और राजस्व अधिकारियों को इनके निराकरण में तेजी लाने की हिदायत दी। उन्होंने वन विभाग को वनाधिकार पट्टे के अंतर्गत फौती कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री तिवारी ने सभी जनपद पंचायतों के सीईओ को समग्र ई-कवाईसी का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने समग्र में सुधार हेतु प्रस्ताव भेजने हेतु भी निर्देशित किया।

बैठक के दौरान जिला श्रम अधिकारी ने जानकारी देते हुये बताया कि जिले में संबल योजना के अंतर्गत पंजीयन हेतु 13 हजार नवीन प्राप्त आवेदन लंबित है। जिस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने पात्र आवेदकों के पंजीकरण स्वीकृत करने के निर्देश दिए।

जनगणना 2027 की समीक्षा करते हुये कलेक्टर श्री तिवारी ने सभी तहसीलदारों और जनपद पंचायतों के सीईओ को मकान नंबरिंग का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

बैठक में संपूर्णता अभियान, लंबित पेंशन प्रकरणों और जन्म मृत्यु प्रमाण पत्रों के लंबित आवेदनों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने खनिज विभाग को संबंधित क्षेत्र के एसडीएम के नेतृत्व में अवैध रेत से जुड़ी सभी शिकायतों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने खेल, नवीन और नवीकरणीय उर्जा, पीडब्ल्यूडी, स्कूल शिक्षा, कृषि, जलसंसाधन, श्रम, आदिम जाति कल्याण विभाग, पीएचई, सामाजिक न्याय, खाद्य विभाग के अंतर्गत लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा करते हुये अधिकारियों को शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा करते हुये प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना और जननी सुरक्षा योजना से संबंधित शिकायतों के शीघ्र निराकरण के निर्देश सीएमएचओ को दिये।

#### किसानों के साथ क्लस्टरवार बैठक करें

कलेक्टर ने हॉर्टीकल्चर विभाग की योजनाओं से किसानों को लाभान्वित करने के लिए एसडीएम की अध्यक्षता में जनपद सीईओ और किसानों के साथ क्लस्टर वार बैठक आयोजित करने के निर्देश हॉर्टीकल्चर विभाग के परियोजना अधिकरी संत कुमार त्रिपाठी को दिए। इन बैठकों में कलेक्टर श्री तिवारी स्वयं औचक रूप से शामिल होंगे।

एचपीव्ही टीकाकरण अभियान की समीक्षा करते हुये कलेक्टर ने सभी बीएमओ को टीकाकरण कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को स्कूलों में अटेंडेंस बढ़ाने की हिदायत देते हुये स्वास्थ्य विभाग को टीम बनाकर स्कूलों में एचपीव्ही टीकाकरण का कार्य करने के निर्देश दिए।



# अवैध संरचना पर निगम निगम का चला बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर में अवैध कॉलोनी विकसित करने वालों के खिलाफ नगर निगम ने सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई का दायरा तेज कर दिया है। इसी कड़ी में राम मनोहर लोहिया वार्ड स्थित अहमद नगर क्षेत्र में सोमवार प्रातः निगम प्रशासन के संयुक्त अमले ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से निर्मित संरचना को जे.सी.बी मशीन के माध्यम से हटाने की कार्यवाही की गई।

कालोनी सेल प्रभारी एवं कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह ने बताया कि अहमद नगर स्थित खसरा नंबर 635/1, 636/1, 637 तथा 638 पर उवैस अहमद, मुजम्मिल कय्यूम एवं अन्य द्वारा बिना वैध अनुमति और स्वीकृति के कॉलोनी विकसित करने के उद्देश्य से अवैध प्लाटिंग का निर्माण कार्य किया जा रहा था। शिकायत और जांच के बाद निगम अमले ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन के माध्यम से स्थल पर निर्मित अवैध निर्माण की संरचनाओं को हटानें की कार्यवाही की गई। उक्त प्रकरण के संबंध में पूर्व में शिकायत प्राप्त होने पर संबंधितों को बिना अनुमति किसी भी प्रकार का निर्माण/विकास कार्य प्रारंभ नहीं किये जाने का नोटिस प्रदान किया गया था।

निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नगर में अवैध कॉलोनाइजरों के विरूद्ध कार्रवाई का सिलसिला लगातार जारी रहेगी और किसी भी प्रकार की नियम विरुद्ध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन ने आम नागरिकों को भी आगाह किया है कि वे प्लॉट खरीदने से पहले संबंधित कॉलोनी की वैधता और निगम की स्वीकृति की जांच अवश्य कर लें।

### मप्र युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के कटनी आगमन पर हुआ कार्यक्रम

# युवाओं को उनका हक व रोजगार दिलाने के लिए सड़क पर उतर करेंगे आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मप्र युवा कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया का कटनी जिले के विलायत कला ग्राम में प्रथम आगमन पर जोरदार स्वागत किया गया। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद इसराइल के नेतृत्व में चलाए जा रहे पंचायत चलो अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया ने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकारें युवाओं के भविष्य के साथ केवल छलावा कर रही हैं, उन्होंने कहा आज का युवा उच्च शिक्षित होने के बावजूद हाथ में डिग्री लिए दर-दर भटकने को मजबूर है।कमरतोड़ महंगाई ने आम जनता का जीना दूभर कर दिया है।यू एस ट्रेड डील मोदी ने दबाववश स्वीकार की है।उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि युवा कांग्रेस अब चुप नहीं बैठेगी और युवाओं को उनका हक व रोजगार दिलाने के लिए जल्द ही सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी।

इस दौरान युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव दिव्यांशु अंशु मिश्रा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की केंद्र सरकार की गलत विदेश नीतियों के कारण आज देश कठिन दौर से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों को गैस सिलेंडर और पेट्रोल-डीजल के लिए घंटों कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है और जनता अब इस सरकार से बदलाव चाहती है।श्री मिश्रा ने एलान किया कि आने वाले समय मे कार्यकर्ताओं के साथ वे कटनी मे सड़कों पर उतरेंगे और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद इसराइल ने कटनी जिले की औद्योगिक स्थिति और बेरोजगारी के अंतर्विरोधों को प्रमुखता से उठाया।उन्होंने कहा कि कटनी जिला पूरे मध्य प्रदेश को हर क्षेत्र में भारी-भरकम राजस्व देता है, लेकिन इस जिले का दुर्भाग्य है कि यहाँ का मूल निवासी युवा आज भी रोजगार की तलाश में दूसरे राज्यों में पलायन करने को विवश है।

मो इसराइल ने उद्योगपतियों और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कटनी जिले में कई बड़ी कंपनियां और उद्योग स्थापित हैं, लेकिन बेहद अफसोस की बात है कि इन कंपनियों में बिहार,उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात और राजस्थान से लाकर लोगों को काम दिया जा रहा है। स्थानीय युवाओं की अनदेखी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### जैविक खेती के प्रशिक्षण के बाद प्रायोगिक परीक्षाएं हुई



शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ में नई शिक्षा नीति के अंतर्गत विद्यार्थियों को जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण प्राचार्या डॉक्टर सुषमा श्रीवास्तव की मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉ अरुण कुमार सिंह एवं डॉ सुमन पुरवार के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण के पश्चात बाह्य परीक्षक अश्विनी कुमार गर्ग एवं आंतरिक परीक्षक रामसुख दुबे द्वारा स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों की लिखित एवं मौखिक परीक्षा की ली गई। परीक्षा संपन्न कराने में कॉलेज के स्टाफ ने सहयोग प्रदान किया। विभाग के निरंतर प्रयासों से विगत कुछ वर्षों से छात्रों में जैविक खेती विषय को अध्ययन के लिए चुनाव करने से विद्यार्थियों की संख्या बढ़ रही है।

# भोपाल से आये अधिकारियों ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



विकासखंड बड़वारा का ग्राम बरमानी आज जल समृद्धि की नई मिसाल बन गया है। जल गंगा संवर्धन अभियान ने ग्रामीण जीवन में सकारात्मक बदलाव की नई कहानी लिख दी है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बना खेत तालाब अब गांव की उम्मीदों, खुशहाली और आत्मनिर्भरता का केंद्र बन चुका है। गांव की हितग्राही पार्वती (पत्नी चैन सिंह) के खेत में बना यह तालाब पहले सिर्फ एक सरकारी योजना का हिस्सा था, लेकिन आज यह उनके परिवार के सपनों को साकार करने का माध्यम बन गया है। इस वर्ष मानसून की अच्छी बारिश के बाद तालाब लबालब भर गया।

जब भोपाल से आए वरिष्ठ अधिकारियों ने तालाब का निरीक्षण किया तो वे भी इस बदलाव को देखकर प्रभावित हुए बिना नहीं रह सके। पानी से भरे तालाब को देखते हुए उन्होंने इसे जल संरक्षण का उत्कृष्ट उदाहरण बताया और कहा कि यह पहल अन्य गांवों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बन सकती है।

#### रोजगार के नये रास्ते खुलेंगे

इस तालाब के निर्माण के लिए 2.38 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई थी, जिसमें से 1.59 लाख रुपए का व्यय हुआ। खास बात यह रही कि इस कार्य से 3136 मानव दिवस का सृजन हुआ, जिससे गांव के कई परिवारों को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिला और आर्थिक संबल भी मिला। अब यह तालाब सिर्फ पानी का स्त्रोत नहीं रहा, बल्कि आजीविका का आधार बन चुका है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पार्वती और अन्य ग्रामीणों को मछली पालन, सिंघाड़ा उत्पादन तथा अन्य आयवर्धक गतिविधियां शुरू करने के लिए प्रेरित किया। इससे न केवल उनकी आय बढ़ेगी, बल्कि गांव में रोजगार के नए रास्ते भी खुलेंगे।

### जलगंगा अभियान के तहत ग्राम जोबीकला में हुआ आयोजन

# ग्राम चौपाल एवं रैली के माध्यम से जल संरक्षण का दिया संदेश, किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जन अभियान परिषद विकासखंड कटनी के सेक्टर क्रमांक 3 कन्हवारा में नवांकुर संस्था बारडोली वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा ग्राम जोबी कलां में जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण में (ब्लॉक समन्वयक) बालमुकुंद मिश्रा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के (परामर्शदाता) रामानुज पांडे और संस्था के अध्यक्ष आर एल चौधरी के सहयोग से चौपाल, रैली से जल संरक्षण के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्राम की मात्र शक्तियों एवं ग्राम वासियों का सहयोग प्राप्त नवांकुर संस्था सेक्टर क्रमांक 3 बारडोली वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा ग्राम वासियों को मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत 28 मार्च से 4 जून तक चलाई जा रही गतिविधियों और कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए समस्त उपस्थित जनों को जल स्त्रोतों के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रेरित किया गया।

ग्राम की आंगनवाड़ी केंद्र में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ पश्चात जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसमें जल बचाओ, जीवन बचाओ। जल है, तो कल है। जल नहीं बचाओगे ,तो प्यासे रह जाओगे। जैसे नारों के साथ जल संरक्षण का संदेश दिया गया जिसमें गनपत कोल,शिव ,माया गुप्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्राम वासियों ने सहयोग प्रदान किया।

नवांकुर संस्था बारडोली वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा ग्राम जोबी कलां में जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण में परामर्शदाता रामानुज पांडे और संस्था के अध्यक्ष आर एल चौधरी के सहयोग से चौपाल, रैली से जल संरक्षण के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत चलाई जा रही गतिविधियों और कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए समस्त उपस्थित जनों को जल स्त्रोतों के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रेरित किया गया। ग्राम की आंगनवाड़ी केंद्र में कार्यक्रम हुआ तत्पश्चात जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जल बचाओ, जीवन बचाओ। जल है, तो कल है। जल नहीं बचाओगे ,तो प्यासे रह जाओगे। जैसे नारों के साथ जल संरक्षण का संदेश दिया गया ।

### महापौर की उपस्थिति में कार्यों का किया गया भूमिपूजन

# जालपा वार्ड में 22 लाख के विकास कार्यों की दी सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर के जालपा देवी वार्ड में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु 22 लाख रुपये से अधिक लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, क्षेत्रीय पार्षद एवं एमआईसी सदस्य डॉ. रमेश सोनी की उपस्थिति में वार्ड के वरिष्ठ नागरिक डॉ. सीताराम सेठिया के करकमलों द्वारा संपन्न कराया गया। इस अवसर पर पार्षदगण, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

विकास कार्यों के अंतर्गत तिलक राष्ट्रीय स्कूल ग्राउंड के पीछे दोनों ओर पेवर ब्लॉक फ्लोरिंग का कार्य कराया जाएगा, जिससे जलभराव की समस्या में कमी आएगी और आवागमन अधिक सुगम हो सकेगा। वहीं लक्ष्मी नारायण मंदिर से शारदा जनरल स्टोर्स होते हुए फूलचंद साहू एवं रवि राय के मकान से गुलाबचंद सोनी के मकान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य किया जाएगा, जिससे क्षेत्र में आवागमन की सुविधा और अधिक मजबूत होगी। साथ ही अशोक विश्वकर्मा के घर से गौतम भवन तक सी.सी. रोड निर्माण से लंबे समय से बनी सड़क समस्या का समाधान होगा और नागरिकों को राहत मिलेगी।

महापौर श्रीमती सूरी ने कहा, "हमारा लक्ष्य प्रत्येक नागरिक को बेहतर सुविधा, सुरक्षा और सम्मान प्रदान करना है। नगर का समग्र विकास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मैं चाहती हूँ कि शहर का हर वार्ड न केवल स्वच्छ और सुव्यवस्थित हो, बल्कि वह नागरिकों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव लाने वाला एक आदर्श क्षेत्र भी बने। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा लगातार ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं, जिनसे आमजन को मूलभूत सुविधाएं सरलता और सुगमता से उपलब्ध हो सकें। सड़क, स्वच्छता, जल निकासी, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सेवाओं को मजबूत करना हमारी जिम्मेदारी है और इसी दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

महापौर ने आगे कहा कि नागरिकों की सहभागिता के बिना किसी भी विकास कार्य को पूर्ण रूप से सफल नहीं बनाया जा सकता। इसलिए सभी नागरिकों से अपेक्षा है कि वे शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने में अपना सक्रिय योगदान दें।

# रैली और लेखन से दिया जल संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड कटनी के सेक्टर क्रमांक 5 हीरापुर कौड़िया के अंतर्गत ग्राम हिरवारा में जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति हिरवारा, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाता सुरेंद्र शुक्ला सहित छात्र-छात्राओं, नवांकुर संस्था साध्वी जन कल्याण समिति कटनी और ग्रामवासियों के सहयोग से चौपाल, रैली और दीवार लेखन से जल संरक्षण के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम में ग्राम सरपंच हीरामन चक्रवर्ती, जनपद सदस्य प्रतिनिधि अजय बर्मन, उप सरपंच प्रतिनिधि प्रहलाद बर्मन की उपस्थिति में ग्राम वासियों और जन अभियान परिषद के उपस्थित प्रतिनिधियों और ग्राम वासियों को मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत 28 मार्च से 4 जून तक चलाई जा रही गतिविधियों और कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए समस्त उपस्थित जनों को जल स्त्रोतों के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रेरित किया गया। ग्राम के श्री हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित चौपाल के पश्चात जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसमें 'जल बचाओ, जीवन बचाओ', 'जल है, तो कल है', 'जल नहीं बचाओगे, तो प्यासे रह जाओगे' जैसे नारों के साथ जल संरक्षण का संदेश दिया गया एवं जल स्त्रोतों के पास ध्यान योग के आयोजन के साथ-साथ उपस्थित जनसमूह में जल संरक्षण और जल स्त्रोतों के संवर्धन के संबंध में दीवार लेखन के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया।

इस अवसर पर नवांकुर संस्था की सेक्टर प्रभारी साध्वी निगम, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास परामर्शदाता सुरेंद्र शुक्ला, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष संतोष बर्मन, सदस्य आशा बर्मन, सीएमसीएलडीपी छात्र-छात्राओं नेहा बर्मन उपस्थित रहीं।

## खबर संक्षेप

### हनुमान मंदिर के सामने शराब दुकान का विरोध-पूर्व विधायक प्रतिनिधि ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**पन्ना।** नगर के प्रमुख धार्मिक स्थलों के समीप संचालित शराब दुकान को हटाने की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। सोमवार को पूर्व विधायक प्रतिनिधि (गुनौर विधानसभा) कुलदीप सिंह डिघौरा ने जिला कलेक्टर को एक औपचारिक आवेदन सौंपकर हरद्वाही मोड़ स्थित शराब दुकान को तत्काल प्रभाव से अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की है। कलेक्टर को दिए गए पत्र में कुलदीप सिंह ने बताया कि हरद्वाही मोड़ पर संचालित शराब दुकान की स्थिति अत्यंत आपत्तिजनक है। यह दुकान संकट मोचन हनुमान मंदिर के ठीक सामने और शिव मंदिर के बिल्कुल बगल में स्थित है। इसके कारण मंदिर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं, विशेषकर महिलाओं और बच्चों को भारी असहजता और मानसिक असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है। असामाजिक तत्वों का जमावड़ारू शराब दुकान होने के कारण दिन भर शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे क्षेत्र की शांति भंग हो रही है और विवाद की स्थिति बनी रहती है। आवेदन में स्पष्ट किया गया है कि धार्मिक स्थलों के इतने समीप शराब दुकान का संचालन आबकारी नियमों का खुला उल्लंघन है। पवित्रता को खतरारू मंदिर जैसी पवित्र जगह के पास शराब की बिक्री से जनभावनाएं आहत हो रही हैं।

**शीघ्र कार्रवाई की मांग**-कुलदीप सिंह डिघौरा ने प्रशासन से विनम्र आग्रह किया है कि जनहित और धार्मिक पवित्रता को ध्यान में रखते हुए इस दुकान को यहां से हटाकर किसी अन्य स्थान पर शिफ्ट किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

### तहसील कार्यालय पहुंचे ग्राम खम्हरिया के ग्रामीण

**पवई।** जनपद पंचायत पवई के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत खम्हरिया के दर्जनों ग्रामीण सोमवार को तहसील कार्यालय पहुंचे,जहां उन्होंने तहसीलदार रत्न राशि पांडे को आवेदन दिया। जिसमें लेख किया है कि ग्राम पंचायत खम्हरिया में चौकीदार का पद रिक्त था,जिस पर नियुक्ति हेतु न तो कोई विज्ञापन जारी किया गया और न ही ग्राम पंचायत के सूचना पटल पर कोई जानकारी चस्पा की गई,इसके साथ ही नियुक्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 13 मार्च नियत की गई थी, जिससे इसकी जानकारी किसी भी ग्रामीण को नहीं हुई,जिस कारण से चौकीदार के पद हेतु योग्य उम्मीदवार अपना आवेदन नहीं कर सके,जबकि इस पद पर कार्य करने के लिए एक से अधिक उम्मीदवार हैं। उन्होंने आवेदन के माध्यम से पद हेतु फॉर्म भरने की तारीख आगे बढ़ाए जाने की मांग की है।

### टीईटी के विरोध में शिक्षक संघ ने सौंपा विधायक को ज्ञापन

**पवई।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई पवई द्वारा शिक्षक पात्रता परीक्षा (ज्ज्) के विरोध में आज एक ज्ञापन स्थानीय जनप्रतिनिधियों को सौंपा गया। यह ज्ञापन पवई विधायक प्रहलाद लोधी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे परमार को सौंपा गया।

### भाजपा स्थापना दिवस पर बूथों केंद्रों पर कार्यक्रम आयोजित

**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी दीनदयाल नगर मंडल द्वारा पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे के मार्गदर्शन मंन एवं मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया के नेतृत्व में मंडल के अंतर्गत आने वाले सभी बूथ केंद्रों पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गये। मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया, जिला मंत्री भरत यादव सहित प्रमोद विश्वकर्मा पप्पू पटेल जीतू राठौर सुनील राठौर शाहिद रिजवी की बजरिया वार्ड में स्थापना दिवस कार्यक्रम में सम्मिलित रहे। मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया ने बताया कि स्थापना दिवस के इस विशेष अवसर पर प्रत्येक बूथ पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा ध्वजारोहण, भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय जी, श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर माल्यार्पण, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान, संगठन के इतिहास पर चर्चा तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। कार्यक्रमों के माध्यम से कार्यकर्ताओं में संगठन के प्रति समर्पण और उत्साह का संचार हुआ।

## बच्चों की पढ़ाई हो सकती है प्रभावित

# जनगणना में लगाई गई हटा ब्लाक के 237 शिक्षकों की ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

जिला सहित हटा ब्लाक में जनगणना 2027 का पहला चरण 1 मई से प्रारंभ होने जा रहा है जिसके लिए सरकारी प्राथमिक, माध्यमिक , हाईस्कूल स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की पढ़ाई अगले शैक्षणिक सत्र में प्रभावित हो सकती है। इसकी वजह है हटा ब्लाक में अभी लगभग 237 शिक्षकों की ड्यूटी राष्ट्रीय महत्व की जनगणना प्रक्रिया में लगाई गई है। ध्यान रहे कि जनगणना का पहला चरण मई से सितंबर 2026 तक और दूसरा चरण फरवरी 2027 से शुरू होगा। जनगणना निदेशालय ने बोर्ड और उच्च कक्षाओं की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसलिए मुख्य रूप से अधिकांश प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षकों को ही फील्ड वर्क में लगाने का आदेश चार्ज अधिकारी द्वारा जारी किया गया है जिससे नए सत्र की शुरुआत में ही बड़ी संख्या में शिक्षक जनगणना कार्य में व्यस्त रहेंगे। इससे कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों की बुनियादी पढ़ाई प्रभावित होने की आशंका है।

### जहां कम शिक्षक वहां अधिक होगी समस्या

सबसे अधिक समस्या उन स्कूलों में होगी जहां एक या दो शिक्षक ही पदस्थ हैं। उनके जनगणना में जाने से मल्टीग्रेड क्लास की स्थिति बन सकती है। शुरुआती महीनों में पाठ्यक्रम पूरा करने का दबाव बढ़ेगा। इसका असर वार्षिक परिणामों पर भी दिख सकता है। उधर जनगणना विभाग का कहना है कि बोर्ड और बड़ी कक्षाओं के बच्चे प्रभावित नहीं होंगे क्योंकि जनगणना शुरू होने के समय स्कूलों में परीक्षा खत्म हो चुकी है। इसलिए चालू सत्र में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित नहीं होगी। अगला सत्र आंशिक प्रभावित होगा। कोशिश है कि बोर्ड और बड़े क्लास के बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो। इसलिए अधिकांश प्राइमरी मिडिल टीचर्स की ड्यूटी जनगणना में लगाने का निर्णय लिया गया है।

### वैकल्पिक व्यवस्था पर भी फिलहाल ध्यान नहीं

इधर शिक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि प्राथमिक स्तर पर निरंतर शिक्षक-छात्र संवाद जरूरी होता है। खासकर ग्रामीण और दूरस्थ इलाकों में, जहां पहले से संसाधनों की कमी है, वहां सीखने की गति धीमी पड़ सकती है। इसलिए सत्र शुरु होने के साथ ही प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों पर पालकों के साथ ही स्कूल प्रबंधन को भी वैकल्पिक व्यवस्था पर ध्यान देना होगा जिससे बच्चों की पढ़ाई खराब न हो। हालांकि इस बारे में फिलहाल किसी का ध्यान नहीं है।

इस संबंध में बीआरसी एमएल अहिरवार ने बताया कि बड़ी कक्षाओं के बच्चे प्रभावित नहीं होंगे क्योंकि मई माह में ग्रीष्मकालीन अवकाश होता है जनगणना शुरू होने के समय स्कूलों का अगला सत्र आंशिक प्रभावित होगा। कोशिश है कि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो। इसलिए ज्यादातर प्राइमरी टीचर्स की ड्यूटी जनगणना में लगाई गई है।

# कलश यात्रा के साथ शुरु हुई श्रीमद् भागवत कथा ने किया भक्ति पर्व का सूत्रपात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जबेरा नगर के ग्राम हरदुआ खुर्द में आनंद धाम पीठाधीश्वर दंडी स्वामी श्री नर्मदानंद जी ( रंजीता नंद ) महाराज के श्री मुख से सोमवार दिनांक 6 अप्रैल से 22 अप्रैल 2026 तक आयोजित होने वाले श्रीमद् भागवत कथा साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। इस धार्मिक आयोजन में कथा वाचन आनंद धाम पीठाधीश्वर दंडी स्वामी श्री नर्मदानंद सरस्वती जी महाराज जी के द्वारा किया जा रहा है। सोमवार सुबह करीब 10 बजे जबेरा नगर से कलश यात्रा निकाली गई, जो नरसिंह देवालय से प्रारंभ होकर श्रीराम चौराहा, बस स्टैंड और नया बाजार मार्ग से होते हुए ग्राम हरदुआ खुर्द पहुंची। यात्रा के दौरान धार्मिक माहौल देखने को मिला, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा में छोटी-छोटी बालिकाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर चल रही थी जो विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। वहीं ढोल-नगाड़ों की गूंज और ध्वज लेकर चलते ग्रामवासियों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। ग्राम हरदुआ खुर्द पहुंचने के बाद कथा व्यास दंडी स्वामी नर्मदानंद सरस्वती जी महाराज के द्वारा विधिवत कथा वाचन प्रारंभ किया गया। आयोजन समिति के अनुसार यह धार्मिक कार्यक्रम 22 अप्रैल तक प्रतिदिन जारी रहेगा, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं।

# 10 बालिकाओं का कराया गया एचपीव्ही टीकाकरण



**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. अठया ने भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत गत दिवस विकासखंड बटियागढ़ के बकायन हाई स्कूल में पहुचकर छात्र-छात्राओं से भेंट की। डॉ. अठया ने शाला के कक्षा 9वीं एवं 10वीं में अध्ययनरत मौजूद 37 बालक-बालिकाओं से संवाद किया। उन्होंने बच्चों को अच्छी सेहत के लिए स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। व्यक्तिगत स्वच्छता, साफ-सफाई एवं संतुलित खान-पान के बारे में विशेष रूप से चर्चा की। बच्चों से संवाद दौरान विशेष रूप से बालिकाओं को एच.पी.व्ही. टीकाकरण के संबंध में जागरूक किया, एच.पी.व्ही. टीकाकरण के लाभ बताये। इस पहल के तहत शाला की 10 बालिकाओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बटियागढ़ भेजकर एच.पी.व्ही. टीकाकरण सुनिश्चित कराया। कार्यक्रम के दौरान शाला के 7 शिक्षक भी उपस्थित रहे।

### आदर्श प्रजापति समाज ने 12 को सम्मेलन को लेकर की बैठक

**दमोह।** आदर्श प्रजापति समाज की बैठक स्थानीय बड़ी देवी मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई। बैठक में 14वां युवक युवती परिचय सम्मेलन सामुदायिक भवन आदर्श प्रजापति समाज भोपाल में 12 अप्रैल 2026 रविवार को आयोजित होने वाले सम्मेलन के संदर्भ में चर्चा हुई। उक्त सम्मेलन नवनिर्मित धर्मशाला भवन भानपुरा इमलिया विदिशा रोड पर आयोजित किया जाएगा। बैठक का संचालन मुकेश प्रजापति बटियागढ़ द्वारा किया गया। बैठक को सफल बनाने के लिए समाज के संरक्षक गणेश प्रसाद प्रजापति ने विस्तृत जानकारी दी उक्त बैठक में अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद बर्दिया द्वारा सभी लोगों से अपील की है कि उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में युवक युवतियों का बायोडाटा फॉर्म भरवा एवं भोपाल में आयोजित सम्मेलन में जाने हेतु अधिक से अधिक समाज बंधुओ को सम्मिलित होने का आग्रह किया गया एवं भोपाल जाने के संदर्भ में विस्तृत चर्चा की गई। साथ में बैठक में नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। आभार उमाशंकर प्रजापति द्वारा व्यक्त किया गया। बैठक में उमाशंकर प्रजापति, राजकुमार बर्दिया, वैभव प्रजापति, गणेश प्रजापति, राजेंद्र बर्दिया अध्यक्ष, गोविंद प्रजापति, सुनील प्रजापति पूर्व अध्यक्ष, मुकेश प्रजापति, हरलाल वैद्य, कार्तिक बर्दिया, गजाधर प्रजापति, शुभम बर्दिया, महेश प्रजापति, पूरन लाल बर्दिया, कृष्णकांत प्रजापति, रवि शंकर प्रजापति, मनोज प्रजापति, शुभम प्रजापति, उमेश प्रजापति, ललित प्रजापति, देवांश प्रजापति, दीपेश बर्दिया आदि की उपस्थिति रही।

# अध्यापक संयुक्त मोर्चा की बैठक में बनाई गई आंदोलन की रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



अध्यापक संयुक्त मोर्चा द्वारा रविवार को नगर के बजरिया बोर्ड स्कूल में बैठक आयोजित की गई जिसमें टेट परीक्षा पर सरकार पुनर्विचार याचिका दायर करने एवं नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना,को लेकर संपूर्ण मध्य प्रदेश एवं संपूर्ण भारत में बृहद आंदोलन में शामिल होने की लेकर रणनीति बनाई गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में अधिक से अधिक संख्या में अध्यापक शिक्षक साथी आंदोलन में सम्मिलित हो ताकि प्रदेश सरकार तक हमारी आवाज पहुंच सके। इसी तारतम में अध्यापक संयुक्त मोर्चा के तहत दिनांक 8 अप्रैल को जिला स्तरीय कार्यक्रम दमोह में आयोजित होगा एवं 11 अप्रैल को मध्य प्रदेश के समस्त विकास खंडों में सामूहिक धरना प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 18 अप्रैल को भोपाल में वृहद आंदोलन होने जा रहा है इस की रणनीति तय की गई। भोपाल कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के 3 लाख अध्यापक शिक्षक साथियों के पहुंचने का लक्ष्य रखा है आंदोलन को सफल बनाने के लिए बैठक में साथियों के द्वारा अपने संबोधन में सर्वप्रथम 8 अप्रैल को दमोह कलेक्टर परिसर में होने वाले विशाल धरना प्रदर्शन में सम्मिलित होने की अपील की गई जिसमें अधिक संख्या में मातृ शक्तियों से अनुरोध किया गया कि कार्यक्रम में सम्मिलित हो सभी साथियों से अनुरोध किया गया की 8 अप्रैल एवं 18 अप्रेल को सभी शिक्षक अपने-अपने विद्यालय में सामूहिक अवकाश का आवेदन देंगे एवं सोशल मीडिया के माध्यम से आवेदन सभी ग्रुपों में शेयर भी करेंगे। प्रदेश के समस्त अध्यापक शिक्षक संगठनों ने मिलकर टेट परीक्षा एवं नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना को लेकर एकता का परिचय देते हुए ब्लाक संयुक्त मोर्चा का गठन किया है जब तक सरकार टेट परीक्षा एवं प्रथम नियुक्ति दिनांक के संबंध में निर्णय नहीं लेती है प्रदेश के प्रत्येक अध्यापकों का आंदोलन जारी रहेगा यदि सरकार हमारी बात नहीं मानती है तो हम तालाबंदी हड़ताल करेंगे इसके लिए संपूर्ण जवाबदारी मध्य प्रदेश सरकार की होगी। कार्यक्रम में सभी साथियों के अनुरोध किया गया है जिला एवं प्रदेश स्तरीय भोपाल के कार्यक्रम को सफल बनाएं और अपना भविष्य सुरक्षित बनाएं। बैठक में समस्त संगठनों के पदाधिकारी , मातृशक्तियां एवं सैकडो शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

### संभावित बाल विवाह की रोकथाम के लिए किया दो दलों का गठन

**दमोह।** बाल विवाह कानूनी अपराध है। विवाह के समय लड़के की आयु 21 वर्ष से कम में ,लड़की की आयु 18 वर्ष से कम होने पर ऐसा विवाह बाल विवाह की श्रेणी में आता है। बाल विवाह कराने उसमें किसी भी तरह में भागीदारी करने वाले जैसे कि वर वधु के माता पिता, धर्म गुरू, हलवाई ,केटर्स, वेण्ड वाले एवं समस्त सम्मिलित लोगों के विरूद्ध बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत कानूनी कार्यवाही की जायेगी, जिसके अंतर्गत 2 वर्ष के कारावास एवं 01 लाख रूपये के जुर्माने का प्रावधान है। जिले में अक्षय तृतीया एवं आगामी विवाह मुहुर्तो में संभावित बाल विवाह की रोकथाम हेतु दमोह जिले में जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास जिला दमोह में दो दलों का गठन किया गया है एवं परियोजना स्तर पर विभिन्न धार्मिक स्थलों पर संबंधित परिक्षेत्र सुपरवाईजर एवं आंगनवाडी कार्यकर्ता की ड्यूटी लगाई गई है। बाल विवाह की कार्यवाही में संबंधित थानों के पुलिस बल का भी सहयोग लिया जायेगा।

### प्रेम की पराकाष्ठा होने पर भगवान गरिमा व प्रभुता भूल कर चलने लगते हैं भक्त के पीछे-पीछे: पं. रवि शास्त्री


**दमोह।** स्थानीय जबलपुर नाका पर पुरुषोत्तम लाल विश्वकर्मा के निवास पर चल रहे श्रीमद् भागवत मूल पाठ के अंतर्गत आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने कहा कि भक्त सच्चे मन से अगर भगवान की भक्ति करता है तो भगवान भी भक्त के पीछे-पीछे चलने लगते हैं एक साधु किसी नदी के पनघट पर गया और पानी पीकर पत्थर पर सिर रखकर सो गया पनघट पर पनिहारिन आती जाती रहती हैं तो तीन चार पनिहारिने पानी के लिए आई तो एक पनिहारिन ने कहा आहा साधु हो गया फिर भी तकिए का मोह नहीं गया पत्थर का ही सही लेकिन लगा तो रखा है पनिहारिन की बात साधु ने सुन ली उसने तुरन्त पत्थर फेंक दिया दूसरी बोली साधु हुआ लेकिन खीज नहीं गई अभी रोष नहीं गया तकिया फेंक दिया तब साधु सोचने लगा अब वह क्या करे तब तीसरी पनिहारिन बोली बाबा यह तो पनघट है यहाँ तो हमारी जैसी पनिहारिने आती ही रहेगी बोलती ही रहेंगी उनके कहने पर तुम बार बार परिवर्तन करोगे तो साधना कब करोगे तभी एक चौथी पनिहारिन ने बहुत ही सुन्दर और एक बड़ी अद्भुत बात कह दी साधु क्षमा करना लेकिन हमको लगता है तुमने सब कुछ छोड़ा लेकिन अपना चित्त नहीं छोड़ा है अभी तक वहीं का वहीं बने हुए हैं दुनिया पाखण्डी कहे तो कहे तुम जैसे भी भी हो हरिनाम म लेते रहो सच तो यही है दुनिया का तो काम ही है कहना आप ऊपर देखकर चलोगे तो कहेंगे अभिमानी हो गए नीचे देखकर चलोगे तो कहेंगे बस किसी के सामने देखते ही नहीं आँखें बन्द कर दोगे तो कहेंगे कि ध्यान का नाटक कर रहा है चारों ओर देखोगे तो कहेंगे कि निगाह का ठिकाना नहीं निगाह घूमती ही रहती हैं और परेशान होकर आँख फोड़ लोगे तो यही दुनिया कहेगी कि शिकया हुआ भोगना ही पड़ता है ईश्वर को राजी करना आसान है लेकिन संसार को राजी करना असम्भव है दुनिया क्या कहेगी उस पर ध्यान दोगे तो लगा पाओगे क्योंकि लोगों का काम है कहना।

### पटेरा पुलिस ने की अपह्ता की दस्तयाबी

**दमोह।** पुलिस मुख्यालय भोपाल म0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे मुस्कान अभियान अंतर्गत नाबालिक बालिक/ बालिकाओ की अधिक से अधिक दस्तायाबी हेतु श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह श्रुतकीर्ती सोमवंशी द्वारा आदेशित किया गया था जो इसी तारत्मय मे थाना पटेरा के अपराध क्रमांक 19/2026 धारा 137(2)BNSकी अपह्ता की दस्तयाबी हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय/ अति.पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में एवं एसडीओपी हटा के मार्गदर्शन में पुलिस थाना पटेरा द्वारा टीम गठित कर अपह्ता की तलाश हेतु सतत प्रयास किये गये जो मुखबिर की सूचना पर अपह्ता को संजय नगर आधारताल जबलपुर से दस्तयाव कर परिजनो को सुपुर्द किया गया है । प्रकरण की विवेचना जारी है। सफलता में सराहनीय कार्य करने बाले अधिकारी कर्मचारी में थाना प्रभारी पटेरा उप निरीक्षक धर्मेन्द्र गुर्जर, स.उ.नि.बलदेव प्रसाद ,आरक्षक इन्द्रजीत, म.आर. रानी ठाकुर, सायबर सेल दमोह की सराहनीय भूमिका रही।

# महुआ बीन कर आजीविका चलाने की ग्रामीणों की परंपरा, खतरे से भरा कार्य





**तेंदूखेड़ा।** क्षेत्र में अप्रैल माह के आगमन के साथ ही ग्रामीण जीवन में एक विशेष हलचल है। जंगलों और आसपास के इलाकों में लगे महुआ के पेड़ों के नीचे सुबह लगभग 4:00 बजे से ही ग्रामीणों की चहल-पहल शुरू हो जाती है। महुआ बिनना यहां की परंपरा और आजीविका का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसमें महिलाएं, पुरुष, बच्चे और वृद्ध सभी उत्साहपूर्वक भाग लेते हैं। प्रातःकालीन ठंडी हवा के बीच ग्रामीण परिवार समूहों में निकलकर महुआ के पेड़ों के नीचे गिरे फूलों को सावधानीपूर्वक एकत्रित करते हैं। यह कार्य केवल आर्थिक गतिविधि ही नहीं, बल्कि सामूहिक श्रम और पारिवारिक सहयोग का भी प्रतीक है। महुआ के फूलों को बीनने के बाद उन्हें साफ कर धूप में सुखाया जाता है, ताकि उनकी गुणवत्ता बनी रहे और लंबे समय तक उनका उपयोग किया जा सके। लेकिन उनकी शिक्षा पर हवा और पानी ने भी अपनी कुछ हद तक फेर दिया है हालांकि, जंगलों में महुआ बिनने के दौरान खतरे भी कम नहीं हैं। पानी और भोजन की तलाश में वन्य जीव इन क्षेत्रों में आते-जाते रहते हैं। इनमें भालू, बाघ और तेंदुआ जैसे खतरनाक वन्य प्राणी शामिल हैं, जिनसे ग्रामीणों को हमेशा सतर्क रहना पड़ता है। अंधेरे या सुबह के समय इन वन्य जीवों से आमना-सामना होने की आशंका बनी रहती है, जिससे जान-माल का जोखिम भी बढ़ जाता है। इसके बावजूद, ग्रामीण पूरी सावधानी बरतते हुए समूह में कार्य करते हैं और एक-दूसरे का सहयोग करते हैं। प्रशासन और वन विभाग द्वारा भी समय-समय पर सतर्कता बरतने और सुरक्षित तरीके अपनाने की सलाह दी जाती है। वन विभाग ग्रामीणों को यह भी निर्देश देता है कि वे जंगल में हमेशा समूह (टोलियों) में ही जाएं, सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि या वन्य जीव की उपस्थिति की जानकारी तुरंत साझा करें। साथ ही, जंगलों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह विशेष रूप से बताया जाता है कि कोई भी व्यक्ति जंगल में आग न जलाए। आग लगने से न केवल महुआ और अन्य पेड़ों को नुकसान होता है, बल्कि पूरा वन क्षेत्र खतरे में पड़ सकता है, जिससे वन्य जीवों और मानव जीवन दोनों पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। महुआ बिनने की यह प्रक्रिया ग्रामीण जीवन की सादगी, मेहनत और प्रकृति के साथ उनके गहरे संबंध को दर्शाती है। यह परंपरा पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही है और आज भी उतनी ही प्रासंगिक है, जो आर्थिक सशक्तिकरण के साथ-साथ सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत को भी मजबूत बनाती है।

# अंबेडकर जयंती की तैयारियां शुरु: 14 अप्रैल को निकलेगी बाइक रैली व शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर



अनुसूचित जाति / जनजाति समाज के तत्वाधान में ग्राम सिंग्रामपुर (ककरहा) में बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती का भव्य कार्यक्रम 14 अप्रैल को वीरांगना रानी दुर्गावती खेल मैदान, सिंग्रामपुर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की रूपरेखा इस प्रकार रहेगी सुबह 9:00 बजे महादेव घाट रोड स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बाइक यात्रा का विधिवत शुभारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहेंगे। बाइक रैली में सैकड़ों दोपहिया वाहन शामिल होने की संभावना है, जिनमें प्रतिभागी नीले व पीले ध्वज एवं बाबा साहब के संदेशों के साथ अनुशासित रूप से रैली में शामिल होंगे। यह रैली महादेव घाट रोड से प्रारंभ होकर महगवां, पट्टी चोपरा, कलहेरा, जबेरा, सिंग्रामपुर, कोड़ा कला, पोडीमागढ़, बनिया, भजिया, सिंगपुर, कुसमी, गुबराकला सहित आसपास के कई ग्रामों का भ्रमण करेगी। प्रत्येक प्रमुख स्थान पर रैली का स्वागत किया जाएगा तथा स्थानीय नागरिकों द्वारा बाबा साहब के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। रैली के दौरान सामाजिक समरसता, शिक्षा, समानता और अधिकारों के प्रति जागरूकता का संदेश भी प्रसारित किया जाएगा। इसके उपरांत सिंग्रामपुर पहुंचकर वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा और नगर में भव्य पद-शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें विभिन्न समाजों के लोग बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। शोभायात्रा में झांकियां, बैंड-बाजे एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी।दोपहर 12:00 बजे वीरांगना रानी दुर्गावती खेल मैदान में मंचीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें वक्ताओं द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन, संघर्ष और उनके द्वारा दिए गए संवैधानिक अधिकारों पर प्रकाश डाला जाएगा। आप सभी से निवेदन है कि अपने इस्टमित्रों सहित सादर आमंत्रित होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाएं।

बैठक में उपस्थित प्रमुख जन तिरुमला, रघुवीर शाह मरावी (भूमका गुरु), गौरीशंकर चौधरी , संतोष चौधरी, अशोक चौधरी, राजू चौधरी ( सचिव ), कल्याण चौधरी, गोंड समाज महासभा जिला उपाध्यक्ष, शिवलाल सिंह धुर्वे (सरपंच, जबेरा), जय सिंह कड़ोपा (जनपद सदस्य प्रतिनिधि), दिनेश परस्ते (गोंड समाज महासभा ब्लॉक उपाध्यक्ष), धर्मेंद्र सिंह (गोंडवाना स्टूडेंट यूनियन जिला मीडिया प्रभारी), नारायण सिंह हिनौती , निरंजन सिंह चिलौद ,भाईसाब पटेल रामसलैया तेजी लाल अमदर ,ओमकार भजिया ,विनोद भजिया,सोहन करियाखेड़ा ,प्रकाश सिंगपुर ,मुन्ना सुनबराह राकेश सहस्ना ,प्रमोद सुनवारह ,मनोज भजिया,हल्कू मोची ,कुसमी हल्ले मोची ,रमेश ककरहा ,मुरारी ककरहा ,नोनेलाल ,बिहारी ,ख़ुशी लाल चौधरी ,सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बच्चों ने दिखाया 'छठी इंद्री' का चमत्कार, पट्टी बांधकर पढ़ी किताबें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



आर्ट ऑफ लिविंग के चार दिवसीय 'अंतः प्रज्ञा' (इनट्यूशन प्रोग्राम) का रविवार को नगर के स्थानीय बैजनाथ धाम में हैरतअंगेज समापन हुआ। परम पूज्य श्री श्री रविशंकर जी की संस्था द्वारा आयोजित इस अनूठे कोर्स में बच्चों ने अपनी छठी इंद्री (सिक्स सेंस) को जागृत कर वहां मौजूद जनसमूह को दांतों तले उंगलियां दबाने पर मजबूर कर दिया।

## आंखों पर पट्टी, फिर भी अचूक पहचान

कोर्स के वरिष्ठ प्रशिक्षक प्रवीण भैया के मार्गदर्शन में 5 से 18 वर्ष के बच्चों ने अपनी आंखों पर गहरी पट्टी बांधी, इसके बावजूद उन्होंने न केवल किताबें पढ़ीं, बल्कि रंगों को पहचाना और विभिन्न गेम भी खेले। यह देख अभिभावक स्तब्ध रह गए कि बिना देखे बच्चे बाहरी वस्तुओं को इतनी सटीकता से कैसे महसूस कर पा रहे हैं। सेवा और समर्पण ही प्रत्येक नेक कार्य के पीछे होता है जैसा कि इस सफल आयोजन में सहयोग आशुतोष सुहाने, राजबहादुर पटेल, उदयभान पटेल और गौरव सिंघई की विशेष सेवा सहभागिता रही। आयोजकों ने बताया कि इस कोर्स का मुख्य उद्देश्य बच्चों की एकाग्रता (कंस्ट्रेशन), स्मरण शक्ति (मेमोरी), आत्मविश्वास और रचनात्मकता को बढ़ाना है। प्रवीण भैया ने स्पष्ट किया कि बच्चों में एक विशेष गुण होता है, जिसे इस वैज्ञानिक पद्धति से जागृत कर उनकी छिपी प्रतिभा को निखारा जाता है साथ ही सही समय पर सही निर्णय और सार्थक कार्य की उनकी अन्तःप्रज्ञा स्वयं उनके भविष्य की नींव में विशेष सहायक बन सकती है।

## अभिभावकों में दिखा भारी उत्साह

कार्यक्रम के अंतिम दिन बच्चों के माता-पिता भी मौजूद रहे, जिन्होंने अपनी आंखों के सामने बच्चों की अंतः प्रज्ञा के चमत्कार देखे। अभिभावकों ने कोर्स के परिणामों पर पूर्ण संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि आज के तनावपूर्ण माहौल में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए यह कार्यक्रम एक संजीवनी की तरह है।

# नोहटा में शराब दुकानों के खिलाफ धरना प्रदर्शन देने के बाद प्रशासन से मिला आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



जनपद पंचायत जबेरा के अंतर्गत आने वाले ग्राम नोहटा में सोमवार को जन-आक्रोश का सैलाब उमड़ पड़ा। घाघरी रोड पर स्थित कंपोजिट शराब दुकान (ए एवं बी) को हटाने की मांग को लेकर भगवती मानव कल्याण संगठन और सैकड़ों ग्रामीणों ने चक्काजाम जैसी स्थिति निर्मित कर दी। महिलाओं और युवाओं की भारी मौजूदगी ने प्रशासन के हाथ-पांव फुला दिए। प्रदर्शनकारियों का स्पष्ट कहना है कि आस्था के केंद्र 'नालेश्वर मंदिर' और भविष्य के केंद्र 'शासकीय स्कूल' के बीच शराब की दुकान परोसकर सरकार सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर रही है।

आस्था और शिक्षा के बीच 'मधुशाला' का क्या काम?

धरना स्थल पर मौजूद वक्ताओं ने तीखे प्रहार करते हुए कहा कि शराब दुकान के कारण क्षेत्र का माहौल जहरीला हो गया है। आए दिन होने वाली गाली-गलौच और विवादों ने रिहायशी इलाकों का जीना दूभर कर दिया है।

शोभा सिंह राजपूत (प्रदेश अध्यक्ष, किसान मोर्चा) और डॉ. सुजान सिंह (संभागीय अध्यक्ष) ने प्रशासन को चेताया कि यह केवल एक दुकान का विरोध नहीं, बल्कि माताओं-बहनों के सम्मान की लड़ाई है। सरपंच प्रतिनिधि संदीप यादव ने कहा कि स्थानीय लोग लंबे समय से इस नरक से मुक्ति चाहते हैं। दहशत में बेटियां, पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

प्रदर्शन के दौरान महिलाओं का दर्द छलक पड़ा, जिसने पुलिस प्रशासन की कार्यशैली को कटघरे में खड़ा कर दिया हैः सुबह मंदिर जाते समय शराबी अभद्रता करते हैं। पुलिस के पास जाओ तो वे सुनने के बजाय हमें ही अनाप-सनाप बोलकर भगा देते हैं। अगर यह दुकान नहीं हटी तो हमारी बहु-बेटियों का निकलना मुहाल रहेगा। वहीं, सकीना खान ने पुलिस पर भ्रष्टाचार का सीधा आरोप लगाते हुए कहा कि नोहटा पुलिस लापरवाही की चरम सीमा पर है। उन्होंने बताया कि उन्हें अपने बच्चों को छुड़ाने के लिए पुलिस को रिश्वत देनी पड़ी।

उन्होंने एक हृदयविदारक घटना का जिक्र करते हुए बताया कि शराब के कारण एक व्यक्ति ने खुद के घर में आग लगा ली और उसकी जान चली गई। प्रशासन का '15 दिन' का अल्टीमेटम हंगामे की सूचना मिलते ही तहसीलदार सोनम पांडे और थाना प्रभारी अभिषेक पटेल मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों के उग्र तेवरों को देखते हुए अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि 15 दिनों के भीतर शराब दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित कर दिया जाएगा। इस आश्वासन के बाद फिलहाल धरना स्थगित कर दिया गया है, लेकिन जनपद उपाध्यक्ष रश्मि सिंह ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि समय सीमा में कार्रवाई नहीं हुई, तो अगला आंदोलन आर-पार का होगा। प्रदर्शन में विनोद सिंह, सुरेश राय, गुलाब सिंह, मालती ठाकुर, दिनेश कुमार, भुजबल सिंह, प्रकाश सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण और संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# किसानों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



भारतीय किसान संघ ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रशासन को दमोह जिले की सातवां तहसील में एक साथ तहसीलदार महोदय को ज्ञापन सौंपा है। यह ज्ञापन तहसील के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम भेजा गया है। ज्ञापन में किसानों ने समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की तारीख बार-बार बढ़ाने पर नाराज़गी जताई है। उनका कहना है कि इससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसके अलावा, सहकारी बैंकों द्वारा 0 प्रतिशत ब्याज की सुविधा समय पर न मिलने और ब्याज दर बढ़ने से किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ने की बात भी कही गई है। किसानों ने पराली जलाने के मामलों में एफआईआर दर्ज करने का विरोध करते हुए इसे अनुचित बताया है। उनका कहना है कि जब तक पराली के समाधान के लिए उचित व्यवस्था नहीं की जाती, तब तक किसानों पर कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। ज्ञापन में यह भी मांग की गई है कि गेहूं खरीदी की प्रक्रिया को सुचारू बनाया जाए और बंद किए गए सायलो केंद्रों को पुनः चालू किया जाए। किसान संघ ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

ज्ञापन के दौरान प्रदेश मंत्री आरसी पटेल प्रांत प्रचार प्रमुख राममिलन पटेल प्रांतीय सदस्य रमेश यादव संभाग मंत्री हेमंत पटेल जिला मंत्री मयंक श्रीवास्तव तहसील अध्यक्ष विजय सिंह जैविक प्रमुख पूरन पटेल एवं अन्य पदाधिकारीयों की उपस्थिति रही ,। जिला अध्यक्ष भारतीय किसन संघ श्रीराम पटेल, पटेरा तहसील अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद मिश्रा, तहसील मंत्री आशीष पटेल, अध्यक्ष किसान संघ पटेरा आशुतोष पटेल, जिला सदस्य दौलत प्रसाद नामदेव , तहसील सदस्य, अखिलेश पटेल, मुकेश दुबे, खिलान सिंह राजपूत, बलराम सिंह राजपूत, ग्रामीण सदस्य महेंद्र सिंह राजपूत, माननी अहीरवाल , प्रताप रजक किसान संघ के सभी सदस्य उपस्थित रहे। फिलहाल प्रशासन की ओर से इस पर क्या कदम उठाए जाते हैं, यह देखना बाकी है।

# सिद्धचक्र महामंडल विधान में दिखा भक्ति का अद्भुत नजारा



**कुंडलपुर दमोह।** सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र जैन तीर्थ कुण्डलपुर में पूज्य बड़े बाबा के आंगन में श्रद्धा भक्ति का अद्भुत नजारा दृष्टिगोचर हो रहा है। यहां आयोजित सिद्धचक्र महामंडल विधान में सौधर्म इंद्र चंद्रकुमार सविता जैन, कुबेर इंद्र विवेक जैन मुक्ति जैन खरगोन, महायज्ञ नायक अमित जैन प्रीति जैन जबलपुर, श्रीपाल मैना सुंदरी संचित मोनिका जैन चिरमिरी के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त विधान पूजन में अपनी सहभागिता दर्ज करते हुए अत्यंत भक्ति भाव के साथ अर्घ समर्पित कर रहे हैं। आज विधानाचार्य संजय भैया मुरैना ने प्रवचन में बतलाया कि सिद्धचक्र महामंडल विधान मैना सुंदरी के द्वारा रचाया गया। इस विधान के माध्यम से मैना सुंदरी ने अपने पति के एवं 700 अन्य कुष्ठ रोगियों का रोग दूर किया ।कुष्ठ रोगी पति कामदेव सा सुंदर बन गया। आज 256 अर्घ के माध्यम से कर्मदहन विधान संपन्न हुआ। मनुष्य को शुभाशुभ फलों को देने वाले उनके स्वयं किए हुए कर्म ही हैं। विशेष कर अष्टान्हिका पर्व में जो वर्ष में तीन बार कार्तिक, फाल्गुन, आषाढ़ माह के अंतिम 8 दिन में सिद्धचक्र महामंडल विधान का अनुष्ठान करने का सौभाग्य श्रद्धालु परिवार प्राप्त करते हैं। अपनी सुविधा अनुसार भी सिद्धचक्र महामंडल विधान का आयोजन करते हैं। देश के विभिन्न राज्यों के विभिन्न नगरों से आकर के श्रद्धालु भक्त परिवार यहां पर विधान का सौभाग्य प्राप्त करते हैं। इस अवसर पर पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक शांतिधारा ,रिद्धिकलश करने का सौभाग्य जगदलपुर, पथरिया, उदयपुर,कुण्डलपुर, संभाजीनगर महाराष्ट्र, दुर्ग, सागर ,मंदसौर, कटंगी ,चंदेरी ,जलगांव, आदि स्थान से आए हुए श्रद्धालु भक्तों ने सौभाग्य प्राप्त किया। सांयकाल भक्तामर दीप अर्चना एवं पूज्य बड़े बाबा की संगीतमय भव्य महाआरती हुई।

# आसमान में कम ऊचांई पर उड़ रहा तेज आवाज वाला विमान फैला गया दहशत!



**हटा।** नगरीय व आसपास के क्षेत्रों में सोमवार की सुबह 11 बजे फाइटर जेट जैसी जोरदार आवाज की घटना ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया। धमाके की तेज आवाज सुनकर आसपास के कई घरों में कंपन महसूस किया गया और हवा में धुआं जैसा नजारा दिखता नजर आया। जिसे देखने बड़ी संख्या में लोग घरों से बाहर निकल पड़े और फाइटर प्लेन को देखते ही लोगों में कौतूहल दिखाई दिया। ग्रामीणों ने बताया कि वे खेतों में फसल कटाई का काम कर रहे थे, तभी आसमान में एक प्लेन तेज रफ्तार से निकला। प्लेन ज्यादा ऊंचाई पर नहीं था और उससे काफी धुआं निकलता दिखाई दिया। ग्रामीण घबरा गए और दहशत में आ गए। हटा के निवासियों ने बताया कि प्लेन की आवाज इतनी तेज थी कि लोगों की धड़कनें बढ़ने लगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की घटना पहले भी एक बार रात्रि में हो चुकी है। लेकिन इस बार धमाके की आवाज और प्रभाव ज्यादा तीव्र था, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। कुछ लोगों ने आसमान में फाइटर जेट उड़ान भरने की भी चर्चा की, लेकिन अभी तक प्रशासन या पुलिस की ओर से इस घटना के कारणों की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। इसी तरह की घटना हटा क्षेत्र में भी देखने को मिली, जहां ग्रामीणों में काफी दहशत फैली। वहां का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना की सूचना मिलने पर प्रशासनिक अधिकारीयों द्वारा वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि तेज आवाज किसी विमान के इंजन फेलियर, सैन्य गतिविधि या किसी अन्य कारण से हुआ।

# धूमधाम से मनाया भाजपा का 47वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस जिले भर में उत्साह, उमंग और गौरव के साथ जिला मुख्यालय सहित सभी मंडलों एवं प्रत्येक बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं द्वारा ध्वजारोहण कर मनाया गया। जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी, सांसद राहुल सिंह लोधी, विधायक जयंत मलैया, किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री गोपाल पटेल, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रामलाल पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजीता पटेल सहित व पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में भाजपा का ध्वज फहराया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया।

जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचारधारा आधारित राष्ट्र निर्माण का अभियान है। "राष्ट्र प्रथम" की भावना के साथ कार्य करने वाले लाखों कार्यकर्ताओं की मेहनत से भाजपा आज विश्व का सबसे बड़ा संगठन बना है। 6 अप्रैल 1980 को स्थापित भाजपा ने संघर्ष, समर्पण और सेवा के बल पर लंबा सफर तय किया है। अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी जैसे दिग्गज नेताओं के मार्गदर्शन से लेकर आज नरेंद्र मोदी के नेतृत्व तक संगठन निरंतर सशक्त हुआ है। राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भाजपा एक कार्यकर्ता आधारित संगठन है, जिसकी विचारधारा भारतीय जनसंघ से विकसित हुई है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांतों पर चलते हुए भाजपा समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य केवल सरकार का नहीं, बल्कि हर कार्यकर्ता का संकल्प है। इसके लिए संगठन को और अधिक मजबूत करने की आवश्यकता है।

सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर नई पहचान बनाई है। आज भारत आर्थिक, सामरिक और सांस्कृतिक दृष्टि से मजबूत राष्ट्र के रूप में उभर रहा है। केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे गरीब कल्याण, किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की धारा पहुंचाई है। भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका समर्पित कार्यकर्ता है, जो बिना किसी स्वार्थ के समाज सेवा में जुटा रहता है। मैं कार्यकर्ताओं से आह्वान करता हूं कि वे बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करें और सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं। विधायक जयंत मलैया ने कहा कि स्थापना दिवस प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए आत्ममंथन और संकल्प का दिन है। भाजपा का संगठन मजबूत इसलिए है क्योंकि इसकी नींव समर्पित और अनुभवी कार्यकर्ताओं पर टिकी हुई है। पार्टी के प्रारंभिक दौर में कार्यकर्ताओं ने विपरीत परिस्थितियों में भी संगठन को आगे बढ़ाया और आज उसी मेहनत का परिणाम है कि भाजपा देश की सबसे बड़ी राजनीतिक शक्ति बनी है। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ कार्यकर्ता निर्गुण खरें, कमलेश सिघंई, रवि अमुलानी, अनिल मिश्रा, आलोक गोस्वामी, अखिलेश हजारी, राकेश नायक, सहित सैकड़ों वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का अंगवस्त्र पहनाकर सम्मान किया गया तथा राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के कार्यक्रमों का लाइव प्रसारण भी देखा गया। जिला महामंत्री महेश पटेल ने बताया कि जिले के सभी बूथ केंद्रों पर कार्यकर्ताओं ने अपने घरों पर भाजपा का ध्वज फहराकर और महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर स्थापना दिवस मनाया।

इस अवसर पर कार्यक्रम में जिला महामंत्री रामेश्वर चौधरी, जिला उपाध्यक्ष संजय सेन, राघवेंद्र सिंह परिहार, संजय यादव, मनीष तिवारी, जिला मंत्री कपिल शुक्ला, भरत यादव, श्रीमती श्यामा उरैती,जिला मीडिया प्रभारी एवं युवा मोर्चाध्यक्ष प्रिंस जैन ,जिला कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल, सह कोषाध्यक्ष श्रीमती कुसुम खरे, जिला कार्यालय मंत्री देवकीनंदन पटेल, सह कार्यालय मंत्री दिलीप चौरसिया, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष गणेश जाटव, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र पटेल, दीनदयाल नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया, दमयंती नगर मंडल अध्यक्ष रमाकांत बाजपेई, आईटी सेल जिला संयोजक रिंकू गोस्वामी, सोशल मीडिया जिला संयोजक संदीप शर्मा बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी गण, विभिन्न मोर्चों के प्रतिनिधि गण एवं ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिससे पूरे जिले में उत्सव का माहौल बना रहा।

# मायसेम सीमेंट ने बदली बालिका छात्रावास की सूरत

## जीर्णोद्धार कार्य की हुई सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह





क्षेत्र के विकास और सामुदायिक उत्थान की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, मायसेम सीमेंट (हेडलवर्ग सीमेंट इंडिया लिमिटेड) द्वारा नरसिंहगढ़ स्थित नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय बालिका छात्रावास का कायाकल्प किया गया है। कंपनी के इस सामाजिक सरोकार (CSR) कार्य की छात्रावास प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन ने जमकर प्रशंसा की है। छात्रावास प्रबंधन समिति और अधीक्षिका के अनुरोध पर मायसेम सीमेंट ने छात्रावास के जीर्णोद्धार का जिम्मा उठाया था। इससे पूर्व छात्रावास का भवन अत्यंत जर्जर अवस्था में था, जिससे वहाँ रहने वाली बालिकाओं, वार्डन और सहायक स्टाफ को हमेशा किसी अनहोनी का डर बना रहता था। कंपनी द्वारा कराए गए मरम्मत और नवीनीकरण कार्य के बाद अब संपूर्ण भवन न केवल सुरक्षित हो गया है, बल्कि अत्यंत आकर्षक और सुंदर भी दिखाई दे रहा है। जीर्णोद्धार के साथ-साथ मायसेम सीमेंट ने छात्राओं के मानसिक विकास और उत्साहवर्धन के लिए छात्रावास की दीवारों पर प्रेरणादायक संदेश और कलाकृतियाँ (पेंटिंग्स) भी बनवाई हैं। यह सकारात्मक वातावरण छात्राओं को शिक्षा के प्रति और अधिक प्रेरित करेगा। छात्रावास प्रबंधन ने मायसेम सीमेंट को प्रशंसा पत्र सौंपते हुए हृदय से धन्यवाद व्यक्त किया। पत्र में उल्लेख किया गया कि "पूर्व में भवन की जर्जर स्थिति थी उसे मायसेम सीमेंट ने अपनी मेहनत से एक नया और सुंदर स्वरूप दिया है। हम आशा करते हैं कि भविष्य में भी फैक्ट्री प्रबंधन इसी प्रकार विकास कार्यों में अपना सहयोग जारी रखेगा। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों और गणमान्य व्यक्तियों ने कंपनी के इस प्रयास को ग्रामीण विकास की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है।

# शिक्षक हितों की रक्षा के लिए लामबंद हुआ मप्र शिक्षक संघ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



मध्य प्रदेश शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी ने पूर्व मंत्री एवं वर्तमान वरिष्ठ विधायक जयंत मलैया से भेंट कर शिक्षक पात्रता परीक्षा और शिक्षकों की सेवा-सुरक्षा से संबंधित एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा। संघ के प्रतिनिधियों ने माननीय विधायक के माध्यम से सरकार तक अपनी बात पहुँचाते हुए प्रदेश के लगभग 1 लाख शिक्षक-शिक्षिकाओं के भविष्य पर चिंता व्यक्त की है। ज्ञापन की मुख्य मांगें और बिंदु शिक्षक संघ ने अपनी मांगों में स्पष्ट किया है कि शिक्षा की गुणवत्ता के साथ-साथ शिक्षकों का सम्मान और उनके विधिक अधिकार भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। ज्ञापन के प्रमुख अंश निम्नलिखित हैं पुनर्विचार याचिका की मांग संघ ने आग्रह किया है कि दिल्ली के न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर की जाए, ताकि प्रदेश के हजारों शिक्षकों के हितों का कानूनी संरक्षण हो सके। संसदीय हस्तक्षेप की अपेक्षा विधायक श्री मलैया से अनुरोध किया गया है कि वे इस विषय को विधानसभा में उठाएं। साथ ही मुख्यमंत्री के माध्यम से भारत सरकार तक यह बात पहुँचाई जाए कि लोकसभा और राज्यसभा में आवश्यक संशोधन विधेयक लाकर शिक्षकों की सेवा-सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। अनुभव का सम्मान संघ का मत है कि जिन शिक्षकों ने वर्षों से अपने समर्पण और शिक्षण कौशल से शिक्षा व्यवस्था को संभाला है, उनकी सेवा को वैधानिक सुरक्षा मिलना अनिवार्य है। शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखना जितना आवश्यक है, उतना ही आवश्यक है उन शिक्षकों की सेवा-सुरक्षा सम्मान और वैधानिक अधिकारों की रक्षा करना, जिन्होंने दशकों तक शिक्षा व्यवस्था को अपने पसीने से सींचा है। प्रमेंद्र जैन संभागीय अध्यक्ष मध्य प्रदेश शिक्षक संघ विधायक का आश्वासन वरिष्ठ विधायक जयंत मलैया ने ज्ञापन स्वीकार करते हुए प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वे इस गंभीर विषय को शासन के समक्ष उचित मंचों पर उठाएंगे और शिक्षकों के साथ न्याय हो, इसके लिए हर संभव प्रयास करेंगें। इस अवसर पर मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के संगठन मंत्री पारस कुमार जैन संभागीय अध्यक्ष प्रमेंद्र जैन, प्रांतीय उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार जैन, जिला अध्यक्ष कमलेश सेन, सुरेंद्र राय, पूर्व विकासखंड अध्यक्ष भागचंद जैन, अनुज रतले, मुकेश विश्वकर्मा, संतोष रजक, संजय दुबे, संदीप श्रीवास्तव, सतेंद्र परिहार, मनीष भारद्वाज, महेश गुप्ता, मूलचंद पटेल, नीलेश जैन, सोनू मुडा, आर बी सिंह, शिशिर तिवारी, विपिन तिवारी उपस्थित रहे।